सीमित निविदा संख्या आरईसी/आईटी/93/कंप्यूटर (स्क्रैप)/2008/ दिनांक 04.10.2010


रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय : कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स 7, लोदी रोड, नई दिल्ली
दूरभाष सं. 24365161, फैक्सः 24360644 ईमेलः reccorp@recl.nic.in
ग्राम आरईसीटीआरआईसी
वेबसाइट : recindia.com & recindia.nic.in


सीमित निविदा सं.आरईसी/आईटी/**93**/कंप्यूटर**(**स्क्रैप**)**/**2008**/

# पुराने एवं अप्रचलित कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, यूपीएस/सीवीटी आदि के निपटान हेतु निविदा

| | | |
|---|---|---|
| जारी होने की तारीख | : | **04.10.2010** |
| उपस्करों के निरीक्षण की तारीख और समय | : | **06.10.2010 से 08.10.2010 (14.00 बजे से 16.00 बजे तक)** |
| बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | : | **13.10.2010 (14.30 बजे)** |
| बोली खोलने की तारीख और समय | : | **13.10.2010 (समय 15.30 बजे)** |

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

सीमित निविदा संख्या आरईसी/आईटी/93/कंप्यूटर (स्क्रैप)/2008/ दिनांक 04.10.2010

# निविदा दस्तावेज़

## विषयः- आरईसी के कारपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में ''जैसा है जहां है'' ब्रू पिंर उपलब्ध पुराने और अप्रचलित कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, यूपीएस/सीवीटी आदि के निपटान के लिए मुहरबंद कोटेशन

प्रिय महोदय/महोदया,

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन (भारत सरकार का एक उद्यम) ''जैसा है जहां है'' आधार पर, अनुबंध-3 में दिए गए टेंडर दस्तावेजों के अनुसार, उपलब्ध पुराने और अप्रचलित कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, यूपीएस/सीवीटी आदि के निपटान के लिए बोलीदाताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है। ये सभी उपस्कर आरईसी के कारपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में हैं। आपसे अनुरोध है कि आप सर्वोत्तम दरें देने की कृपा करें।

**बोली के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़:**

1. 1,000/- रुपए की बयाना राशि

   अपेक्षित बयाना राशि को, 'रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड' को नई दिल्ली में देय किसी प्रमुख राष्ट्रीय/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किए गए अदाता मांग ड्राफ्ट/ पे आर्डर के माध्यम से अदा किया जाएगा, जिसे बोली के साथ प्रस्तुत करना होगा।

2. प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित निम्नलिखित दस्तावेजों को बोली के साथ संलग्न किए जाएः

   क. बोली प्रपत्र (अनुबंध-1 में दिए गए फार्मेट के अनुसार)

   ख. निबंधन एवं शर्तों का अनुपालन (अनुबंध-2 में दिए गए फार्मेट के अनुसार)

**बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर**

ग. हस्ताक्षरित बोली दस्तावेज

3. प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित वाणिज्यिक बोली (अनुबंध-4 में दिए गए फार्मेट के अनुसार)

बयाना राशि और वाणिज्यिक बोली तथा अन्य अपेक्षित दस्तावेज जिन लिफाफों में सीलबंद किए जाएंगे, उनके ऊपर निविदा संख्या और नियत तारीख का उल्लेख किया जाए और ये उप-महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी), रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड, कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स 7, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 को संबोधित किए जाएंगे। प्रस्तुत की जाने वाली निविदा को आरईसी के कारपोरेट कार्यालय के मुख्य स्वागत कक्ष में रखी गई निविदा पेटी (ड्राप बॉक्स) में डाला जाए। इन निविदाओं को उस निविदा पेटी (ड्राप बॉक्स) में डाला जाए, जिस पर उपर्युक्त निविदा संख्या अंकित हो और इन्हें 13.10.2010 के 14.30 बजे तक या उससे पहले उसमें डाला जाएगा। कृपया नोट करें कि यदि यह बोली किसी अन्य स्थान पर प्रस्तुत की जाती है और वह हमें उक्त पते पर उपर्युक्त नियत तारीख और समय पर नहीं मिल पाती है तो इसके लिए आरईसी जिम्मेदार नहीं होगा। बोली खोलने का कार्य भी उसी दिन 15.30 बजे किया जाएगा। नियत तारीख, समय और स्थान के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें बिना कोई कारण बताए रद्द कर दिया जाएगा। बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत की गई बोली विलंब से प्राप्त होने के लिए आरईसी जिम्मेदार नहीं होगा। बोलीदाता बोली खोलने के समय पर अपने प्राधिकृत प्रतिनिधियों को भेज सकते हैं।

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

सीमित निविदा संख्या आरईसी/आईटी/93/कंप्यूटर (स्क्रैप)/2008/ दिनांक 04.10.2010

अनुबंध-**1**

## बोली प्रपत्र

(बोलीदाता से अपेक्षा की जाती है कि वह निम्नलिखित रिव्त खानों को भरकर इस खंड में दिए गए फार्मेट में बोली का प्रपत्र प्रस्तुत करे)

सेवा में,

**उप-महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी),**
**रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स 7, लोदीर रोड,**
**नई दिल्ली-110003**

प्रिय महोदय,

बोली दस्तावेज़ों की जांच करने पर, हम अधोहस्ताक्षरी ''आरईसी कारपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में, 'जैसा है जहां है आधार पर' , स्थित निविदा दस्तावेज में दिए गए पुराने और अप्रचलित कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, यूपीएस/सीवीटी आदि के निपटान'' का कार्य करने का प्रस्ताव देते हैं।

हम चालू वित्त वर्ष (2010-11) अर्थात 31.03.2011 तक इस बोली-प्रस्ताव का पालन करने के लिए सहमत हैं और इस प्रस्ताव में दी गई शर्तें, उक्त अवधि की समाप्ति से पहले किसी भी समय, हम पर स्वीकार करने के लिए प्रभावी और आबद्धकर रहेंगी।

हम ''रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड' को नई दिल्ली में देय'' अदाता डिमांड ड्रॉफ्ट/पे -आर्डर के माध्यम से 1,000/- रुपए (केवल एक हजार रुपए) की जमा बयाना राशि प्रस्तुत कर रहे हैं। जमा बयाना राशि का विवरण इस प्रकार है

पार्टी का नाम ..........................................................................................................

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

सीमित निविदा संख्या आरईसी/आईटी/93/कंप्यूटर (स्क्रैप)/2008/ दिनांक 04.10.2010

जमा बयाना राशि (रुपए) .................................... जारीकर्ता बैंक ............................. मांग ड्रॉफ्ट/पे-आर्डर संख्या ....................................... तारीख .......................................

यह बोली कार्य का ठेका देने के लिए आरईसी द्वारा उसे लिखित रूप में स्वीकार करने और कार्य का ठेका देने के आदेश/अधिसूचना जारी करने सहित, हमारे और आरईसी के बीच हुए संविदा पर आबद्धकर होगी।

हम भली भांति समझते हैं कि आरईसी बिना कोई स्पष्टीकरण दिए या बिना कोई कारण बताए किसी/सभी बोली (बोलियों) को स्वीकार/अस्वीकार कर सकता है और इस संबंध में आरईसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और सभी बोलीदाताओं पर आबद्धकर होगा।

तारीख, ........................ वर्ष .......................... 2010 का ......................... दिन

............................................

हस्ताक्षर

..............................................

(हैसियत से)

के लिए और की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

(बोलीदाता का नाम और पता) (अपनी आधिकारिक मुहर लगाएं)

संलग्नकः 1. बयाना राशि

2. वाणिज्यिक बोली

3. निबंधन एवं शर्तों का अनुपालन

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

सीमित निविदा संख्या आरईसी/आईटी/93/कंप्यूटर (स्क्रैप)/2008/ दिनांक 04.10.2010

अनुबंध-**2**

## निबंधन और शर्तें

क्रम सं. मद

-------------------------------------------------------------------------------------------
----

1 निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आपके कोटेशन स्पष्टतः पठनीय होने चाहिए और वे प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हों। यदि कोई शब्द मिटाया गया हो या बदला गया हो तो उसका उल्लेख कोटेशन में विशेष रूप से किया जाना चाहिए और उस पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

2. अनुबंध-3 के अनुसार दी गई मदों को, (जो आरईसी के कारपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में स्थित हैं) सफल बोलीदाता को एकसाथ दिया जाएगा और आंशिक रूप से दिए गए कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. बोलीदाता यदि चाहे तो इन उपस्करों के निरीक्षण के लिए आरईसी में आ सकता है। लेकिन वह नीलामी के नोटिस में दी गई तारीख और समय के दौरान ही उन्हें देख सकता है और बोली संबंधी मदों के संबंध में अपनी संतुष्टि कर सकता है। उपस्कर के रूप, प्रकृति या गुणवत्ता के बारे में किसी भी विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. अनुबंध-3 में उल्लिखित मात्रा के बारे में यह समझा जाएगा कि बोलीदाता ने अपनी संतुष्टि कर ली है। संपूर्ण मदें एक ही बार में बेची जाएंगी और निविदा को अंतिम रूप दिए जाने के समय कम मात्रा के बारे में किसी विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. आरईसी के कारपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में उपलब्ध सभी मदों के लिए केवल एकल बोली का उल्लेख किया जाएगा। इसलिए अलग-अलग बोलियां नहीं दी जानी चाहिए।

6. मदें उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएंगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

7. बयाना राशि

1. बोलीदाता से अपेक्षा की जाती है कि वह निविदा दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट निर्धारित दरों या रकम की बयाना राशि जमा करेगा। यह बयाना राशि अदाता मांग ड्रॉफ्ट/पे - आर्डर के रूप में ही जमा की जाएगी । किसी अन्य रूप में जमा की गई बयाना राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

2. सफल बोलीदाताओं को आदेश दिए जाने के बाद असफल बोलीदाताओं को उनकी जमा बयाना राशि वापस कर दी जाएगी।

3. जमा बयाना राशि पर आरईसी द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

4. सफल बोलीदाताओं की जमा बयाना राशि को उनके बिल में समायोजित किया जाएगा।

5. प्रत्येक मामले में पृथक रूप से बयाना राशि जमा की जाएगी। आरईसी के पास लंबित किसी राशि को, जमा बयाना राशि के रूप में समायोजित करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. कोटेशन के एक मामले की बयाना राशि को किसी अन्य कोटेशन में अंतरित/ समायोजित नहीं किया जाएगा।

8. सफल बोलीदाता को एक बार बेची की गई वस्तु को किसी भी परिस्थिति में आरईसी द्वारा वापस नहीं लिया जाएगा।

9. सफल बोलीदाता को, बकाया पूरी रकम अदाता बैंक मांग ड्रॉफ्ट के माध्यम से अदा करनी होगी। यह मांग ड्रॉफ्ट रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का होना चाहिए। यह मांग ड्रॉफ्ट आरईसी से पुष्टि होने/आदेश दिए जाने के बाद **तीन कार्य दिवसों** के अंदर जमा करना होगा। ऐसा न करने पर यह प्रस्ताव रद्द कर दिया जाएगा और जमा बयाना राशि की पूरी रकम जब्त कर ली जाएगी।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर**

10. सफल बोलीदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे शेष रकम की अदायगी करने के बाद अपनी लागत पर **दो कार्य दिवसों** के अंदर उपकरण निपटान स्थल (आरईसी, नई दिल्ली) से सभी वस्तुओं को अपने परिसर में ले जाएंगे। ऐसा न करने पर आरईसी को अधिकार होगा कि वह बोलीदाता की संपूर्ण बोली रकम को जब्त कर ले। इस मामले में आरईसी वैकल्पिक बोलीदाताओं को इन वस्तुओं को बेच देगा।

11. इन सभी मदें को हमारे ठेका दिए जाने वाले पत्र के अनुसार उपर्युक्त कार्यालय पते से केवल कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे के बीच उठाने दी जाएंगी। बेचे गये लॉट को इस परिसर में छांटने या चयन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

12. मजदूर, परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं को बोलीदाता द्वारा अपने जोखिम, लागत और जिम्मेदारी पर करना होगा।

13. यदि इन वस्तुओं को हटाते समय कार्यालय की संपत्ति को कोई हानि या क्षति होती है तो उसे संबंधित क्रेता की लागत पर ठीक किया जाएगा।

14. वाणिज्यिक बोली का उल्लेख अंकों और शब्दों दोनों में किया जाएगा। अधिलेखन (ओवर राइटिंग )किए गए या उन्हें मिटाए गए आंकड़ों के लिए निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तावित ऐसी दरों को स्वीकार करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

15. निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीदाता (बोलीदाताओं) द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। अपूर्ण और बिना हस्ताक्षर वाली कोटेशनों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

16. बोलीदाता द्वारा बोली प्रस्ताव में उल्लिखित मूल्य बोली दस्तावेज की निबंधन और शर्तों के अनुरूप है और इसमें सभी कर शामिल हैं।

17. विवादों का निपटान

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

यदि पक्षकारों के बीच किसी भी प्रकार का कोई विवाद या मतभेद पैदा होता है तो सभी पक्षकार बातचीत के जरिए इसका सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान करेंगे और आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा नामित समिति के माध्यम से इसका निपटान करेंगे।

यदि किसी एक पक्षकार द्वारा नोटिस प्राप्त होने के बाद 30 दिन के अंदर पक्षकारों के बीच कोई सौहार्दपूर्ण समाधान या निपटान नहीं हो पाता है, तो इन विवादों और मतभेदों को एकमात्र विवाचक को भेजा जाएगा और उसके द्वारा इनका निपटान किया जाएगा। इस विवाचक की नियुक्ति आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की जाएगी।

माध्यस्थम की कार्यवाही विद्यमान माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 और समय-समय पर संशोधित या अधिनियमित भारत के कानून के अनुसार होगी।

माध्यस्थम का स्थान नई दिल्ली, भारत होगा। माध्यस्थम की फीस और अन्य प्रभार उक्त अधिनियम के अनुसार विवाचक द्वारा तय की जाएगी और उसको पक्षकारों के बीच समान रूप से बांटा जाएगा।

विवाचक स्पष्ट और उचित निर्णय देगा। मध्यस्थम की कार्यवाही के दौरान मामले के लंबित होने के कारण पक्षकार किसी ब्याज के हकदार नहीं होंगे।

न्यायालय के माध्यम से निपटान

संविदा की शर्त के अनुसार कि बोलीदाता किसी विवाद या मतभेद के निपटान के लिए तब तक न्यायालय से संपर्क नहीं करेगा जब तक पहले वह माध्यस्थम के माध्यम से ऐसे विवाद या मतभेद के समाधान के लिए पक्षकारों द्वारा कोई प्रयास न करे।

न्यायालय का क्षेत्राधिकार

नई दिल्ली के न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ही इसका विचारण किया जाएगा या संविदा के अधीन पक्षकारों के बीच हुए मुकदमे का निपटान किया जाएगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

**18**. **आरईसी का अधिकार :** आरईसी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी कोटेशन को अस्वीकार कर सकता है या उस कोटेशन अथवा उसके भाग को स्वीकार कर सकता है।

19. उपर्युक्त बातों के बावजूद, आरईसी को अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रस्ताव को अपने विवेक से स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है। किसी पक्षकार विशेष को कार्य/संविदा अवार्ड न किए जाने के कारण उत्पन्न विवाद उपर्युक्त ''विवाद निपटान'' खंड के अनुसार माध्यस्थम के योग्य नहीं होगा।

20. ठेकेदार/क्रेता को किसी संपत्ति की हानि, टूट-फूट या क्षति अथवा ठेकेदार/उसके कर्मचारी, एजेंट या उप-ठेकेदारों की लापरवाही या भूल-चूक के कारण किसी व्यक्ति को पहुंची चोट या किसी व्यक्ति की मृत्यु के प्रति आरईसी की क्षतिपूर्ति करनी होगी।

21. सौंपे गए कार्य को, आरईसी की लिखित अनुमति के बिना, किसी अन्य ठेकेदार को समनुदेशित, अंतरित या उप-प्रत्यायोजित नहीं किया जाएगा।

22. उप-महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी), आरईसी, नई दिल्ली इस कार्य के लिए प्रभारी इंजीनियर होंगे और इस निविदा/संविदा से संबंधित किसी मामले के बारे में उनका निर्णय अंतिम और आबद्धकर होगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
नाम और पदनाम
कंपनी की मुहर

सीमित निविदा संख्या आरईसी/आईटी/93/कंप्यूटर (स्क्रैप)/2008/ दिनांक 04.10.2010

अनुबंध-**3**

## स्क्रैप के रूप में निपटाए जाने वाले, भंडार में उपलब्ध मरम्मत के अयोग्य /अप्रचलित पीसी और अन्य सामग्री (प्रिंटर, यूपीएस, सीवीटी आदि) की सूची

| क्रम सं. | मद का विवरण/मॉडल | कुल मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | पर्सनल कंप्यूटर (जिसमें एलसीडी, मॉनीटर, की-बोर्ड और मॉऊस भी शामिल हैं) एचसीएल पी IV इनफिनिटी 2000 बीएल | 3 |
| 2. | पर्सनल कंप्यूटर (जिसमें एलसीडी, मॉनीटर, की-बोर्ड और मॉऊस भी शामिल हैं) एचसीएल पी IV पीआरओ एचएल 1090 | 3 |
| 3. | पर्सनल कंप्यूटर (जिसमें कन्वेंशनल मॉनीटर, की-बोर्ड और मॉऊस भी शामिल हैं) एचसीएल पी III इनफिनिटी 2000 बीएल एमएक्सएम 115ई | 13 |
| 4. | पर्सनल कंप्यूटर (जिसमें कन्वेंशनल मॉनीटर, की-बोर्ड और मॉऊस भी शामिल हैं) आईबीएम PII पीसी 300 जीएल | 5 |
| 5. | विप्रो PII एसर | 1 |
| 6. | डॉट मेट्रिक्स प्रिंटर विप्रो एलक्यू 1050 और डीएक्स | 7 |
| 7. | लेजर जेट प्रिंटर एचपी लेजर जेट 1100 | 2 |
| 8. | एचपी लेजर जेट 6 एल | 1 |

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

| | | |
|---|---|---|
| 9. | यूपीएस - यूनिलाइन | 15 |
| 10. | यूपीएस - सिग्नल | 7 |
| 11. | यूपीएस - एपीसी 800 | 10 |
| 12. | यूपीएस - एपीसी 650 | 6 |
| 13. | यूपीएस - एपीसी 500 | 1 |
| 14. | यूपीएस - एपीसी 2200 यूएक्स 2 केवीए | 1 |
| 15. | यूपीएस - विविध | 2 |
| 16. | सीवीटी | 1 |

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

सीमित निविदा संख्या आरईसी/आईटी/93/कंप्यूटर (स्क्रैप)/2008/ दिनांक 04.10.2010

अनुबंध-**4**

सेवा में,

उप-महाप्रबंधक **(**सूचना प्रौद्योगिकी**)**,
रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
कोर-**4**, स्कोप कांप्लेक्स **7**, लोदी रोड़,
नई दिल्ली-**110 003**

अप्रचलित कंप्यूटर हार्डवेयर सिस्टम, प्रिंटर आदि के विक्रय हेतु वाणिज्यिक प्रस्ताव

**(**भारतीय रुपए में**)**

बोलीदाता का नाम और पता ------------------------------------------------------------
---

(स्पष्ट अक्षरों में) ------------------------------------------------------------
---

टेलीफोन/मोबाइल नंबर ------------------------------------------------------------

---

जमा बयाना राशि का विवरण बैंक ड्रॉफ्ट/पे आर्डर सं.............................................

राशः ---------------------------------------------------

मैं/हम उपर्युक्त मदों के लिए ये दरें देते हैं**:**

मैंने/हमने रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली में स्थित कंप्यूटर हार्डवेयर सिस्टम का निरीक्षण कर लिया है और ''जैसा है जहां है के आधार पर, ' मैं/हम उसे खरीदना चाहते हैं। मेरा/हमारा उपर्युक्त मदों के संबंध में प्रस्ताव नीचे दिया गया है।

अनुबंध-3 के अनुसार संपूर्ण मदों के लिए मेरा/हमारा पूर्ण और कुल प्रस्ताव रुपए............. (इसमें सभी कर, शुल्क, उगाही आदि, यदि कोई हों, शामिल है)अर्थात (शब्दों में,

बोलीदाता के हस्ताक्षर और कंपनी की मुहर

मात्र.................................................... रुपए) है (इसमें सभी कर, शुल्क, लेवी आदि, यदि कोई हों, शामिल है)।

मैंने/हमने निविदा दस्तावेजों में दी गई निबंधन और शर्तों को भली भांति पढ़ लिया है और मैं/हम इससे सहमत हूं/हैं। मैं/हम भली भांति समझता/समझते हूं/हैं कि यदि निविदा की शर्तों का पालन नहीं किया गया तो रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा मेरी/हमारी निविदा जमा बयाना राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

नाम और पदनाम

स्थान :

दिनांकः

कंपनी की मुहर